# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

विज्ञप्ति संख्या– पी0आर0.........40.. / 2023

**वाणिज्य संकाय के लिए माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा, (STET) 2022 में सम्मिलित होने वाले आवेदकों का डमी प्रवेश–पत्र (Dummy Admit Card) समिति के वेबसाईट पर अपलोड रहने, ऑनलाईन त्रुटि संशोधन करने एवं परीक्षा शुल्क जमा करने के संबंध में आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि समिति की विज्ञप्ति संख्या–पी०आर०–01 / 2023 एवं पी०आर०–14 / 2023 के आलोक में, वाणिज्य संकाय के लिए माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा (STET), 2022 **के वैसे पंजीकृत अभ्यर्थी जिन्होंने अभी तक अपना आवेदन पूर्ण नहीं किया है तथा परीक्षा शुल्क जमा नहीं किया है, वैसे अभ्यर्थी** समिति के वेबसाईट **http://secondary.biharboardonline.com** अथवा **http://biharboardonline.bihar.gov.in** के लिंक–**https://register.cbtexams.in/BSEB/Registration/** पर **दिनांक 05.02.2023 से 08.02.2023 तक अपना आवेदन पत्र भर सकते हैं एवं परीक्षा शुल्क जमा कर सकते हैं।**

2. **उक्त परीक्षा में आवेदन पत्र भरने वाले आवेदकों** का डमी प्रवेश–पत्र समिति के वेबसाईट **http://secondary.biharboardonline.com** अथवा **http://biharboardonline.bihar.gov.in** के लिंक–**https://register.cbtexams.in/BSEB/Registration/** पर दिनांक **10.02.2023** से **13.02.2023** तक उपलब्ध रहेगा। संबंधित आवेदक उक्त अवधि में अपना डमी प्रवेश–पत्र डाउनलोड करना सुनिश्चित करेंगे।

3. यद्यपि कि डमी प्रवेश पत्र आवेदकों द्वारा ऑनलाईन आवेदन में दी गई सूचनाओं के आधार पर जारी किया गया है, फिर भी डमी प्रवेश पत्र में अगर किसी प्रकार की त्रुटि हो तो संबंधित आवेदक अपने यूजर आई0डी0 एवं पासवर्ड का उपयोग कर समिति के उपर्युक्त वेबसाईट / लिंक पर जाकर दिनांक **10.02.2023** से **13.02.2023** तक, डमी प्रवेश पत्र में मुद्रित विवरणों का त्रुटि सुधार कर सकते हैं।

4. डमी प्रवेश पत्र के सुधार के क्रम में जिन आवेदकों के कोटि में परिवर्तन होता है तो उन्हें परिवर्तित कोटि के लिए निर्धारित शुल्क की राशि भुगतान करना होगा अर्थात् अनुसूचित जाति / अनुसूचित जन जाति / दिव्यांग कोटि के आवेदक कोटि सुधारोपरांत अन्य कोटि में चले जाते हैं तो उन्हें उस कोटि के लिये निर्धारित शुल्क की अन्तर राशि रू॰ 200 / – ऑनलाईन विधि से दिनांक 13.02.2023 तक जमा करना होगा। अन्यथा मूल प्रवेश पत्र निर्गत नहीं होगा।

5. जिन आवेदकों द्वारा ऑनलाईन आवेदन जमा किया गया है, किन्तु परीक्षा शुल्क जमा नहीं किया गया है, वैसे आवेदकों की सूची समिति के उक्त वेबसाइट पर उपलब्ध है।

6. दिनांक 13.02.2023 के बाद किसी भी प्रकार की त्रुटि के सुधार का दावा मान्य नहीं होगा तथा उक्त तिथि के पश्चात् परीक्षा शुल्क लंबित रहने की पूर्ण जबावदेही आवेदक की होगी।

**परीक्षा नियंत्रक (विविधा)**
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

ज्ञापांक : के0वि0 -40 ................................ / 2023 पटना, दिनांक ....04/ ..02..... / 2023